Index

UNIT - 1

प्रश्न 1 – मल्टीमीडिया क्या है? इसका प्रयोग कहाँ कहाँ हो रहा है समझाइए|

प्रश्न 2 – मल्टीमीडिया के अवयवो को समझाइए|

प्रश्न 3 – मल्टीमीडिया के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जरूरतों की व्याख्या कीजिये|

प्रश्न 4 – Rich Text और HTML Text क्या है?

प्रश्न 5 – मल्टीमीडिया में ऑब्जेक्ट लिंकिंग एम्बडिंग को समझाइए|

UNIT – 2

प्रश्न 6 – साउंड क्या है? साउंड के ऐट्रिब्यूट्स को समझाइए|

प्रश्न 7 – Mono और Stereo साउंड में अंतर समझाइए|

प्रश्न 8 – Analog और Digital Sound में अंतर समझाइए|

प्रश्न 9 – MIDI को विस्तार पूर्वक समझाइए|

प्रश्न 10 – साउंड के विभिन्न फाइल फॉर्मेट को समझाइए|

UNIT – 3

प्रश्न 11 – मल्टीमीडिया में ग्राफ़िक्स का वर्णन कीजिये|

प्रश्न 12 – रास्टर और वेक्टर ग्राफ़िक्स क्या है?

प्रश्न 13 – मल्टीमीडिया में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के ग्राफ़िक्स फॉर्मेट को समझाइए|

प्रश्न 14 – ग्राफ़िक्स के विभिन्न ऐट्रिब्यूट्स को समझाइए|

प्रश्न 15 – इमेज को कैप्चर करने की विधियों को समझाइए|

ComputerHindiNotes.com

UNIT – 4

प्रश्न 16 – मल्टीमीडिया में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के वीडियो फोर्मेट्स को समझाइए|

प्रश्न 17 – Analog video और Digital Video को समझाइए|

प्रश्न 18 – मल्टीमीडिया में एनीमेशन से आप क्या समझते है?

प्रश्न 19 - मल्टीमीडिया में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के वीडियो स्टैण्डर्ड को समझाइए|

प्रश्न 20 – Computer animation और Morphing animation क्या है?

UNIT – 5

प्रश्न 21 – मल्टीमीडिया के अनुप्रयोग का वर्णन कीजिये|

प्रश्न 22 – मल्टीमीडिया में प्रयोग होने वाली तकनीक Virtual Reality को समझाइए|

प्रश्न 23 - हैड माउंटेड डिस्प्ले क्या है?

प्रश्न 24 – आगे आने वाले समय में मल्टीमीडिया के भविष्य और कैरिएर को समझाइए|

प्रश्न 25 – मल्टीमीडिया में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के ऑथरिंग टूल्स को समझाइए|

ComputerHindiNotes.com

UNIT - 1

प्रश्न 1 – मल्टीमीडिया क्या है? इसका प्रयोग कहाँ कहाँ हो रहा है समझाइए|

उत्तर - कंप्यूटर के क्षेत्र में मल्टीमीडिया एक लोकप्रिय टेक्नोलॉजी बन गया है वर्तमान समय में मल्टीमीडिया का उपयोग सभी क्षेत्रों में किया जाता है जैसे व्यवसाय, सिनेमा, शिक्षा, फैशन डिजाइन, विज्ञापन, मार्केटिंग कारपोरेट आदि| टेक्स्ट, ग्राफिक्स, वीडियो, एनिमेशन और ध्वनि की नई तकनीक पर होने वाले शोधकार्य इसे लगातार बेहतर बना रहे हैं|

मल्टीमीडिया का अर्थ

मल्टीमीडिया शब्द का अर्थ अलग-अलग लोगों के लिए अलग अलग होता है कुछ लोगों के लिए यह विपणन, मनोरंजन और शैक्षिक CD-ROM आदि है| दूसरों के लिए यह नवीनतम 3D प्रभाव हो सकता है, जो आप हॉलीवुड, बॉलीवुड की फिल्मों में देखते हैं या कुछ खूबसूरत एनिमेशन, ग्राफिक्स, ऑडियो और वीडियो वाली फ्लैश वेबसाइट पर देखते हैं| वह सब कुछ जो आप देख सुन सकते हैं जैसे टेक्स्ट, ग्राफिक्स, संगीत, वीडियो, ध्वनि, पुस्तकें, रिकॉर्ड, सीडी, डीवीडी, फिल्में और भी बहुत कुछ सब मल्टीमीडिया है मल्टीमीडिया एक खुद कंप्यूटर है या एक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर उत्पाद है व्यावहारिक अर्थ में मल्टीमीडिया कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का संयोजन है|

"ऐसा कंप्यूटर सिस्टम जिसमें मल्टीमीडिया सूचना के निर्माण, स्टोरेज, प्रदर्शन, परिवर्तन अथवा एक्सेस के उद्देश्य से दो अथवा अधिक प्रकार के माध्यमों, जैसे टेक्स्ट, ग्राफिक, साउंड एवं वीडियो को एकीकृत करने की क्षमता होती है उसे 'मल्टीमीडिया कंप्यूटर सिस्टम' कहा जाता है|"

मल्टीमीडिया के उपयोग

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मल्टीमीडिया कई तत्वों के साथ जानकारी व्यक्त करने का एक माध्यम जो अब हमारे जीवन में हर जगह पाया जाता है। आप इसे अपनी पाठ्य पुस्तक में देख सकते हैं जिसमें पाठ और साथ ही ग्राफिक्स (ब्लॉक आरेख, चार्ट) शामिल होते हैं। आइए नीचे सूचीबद्ध कुछ अन्य उदाहरण पर नजर डालें।

प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन (Print media and electronic publication)

- मनोरंजन और खेल (Entertainment & Games)
- शिक्षा (Education)
- अभियांत्रिकी (Engineering)

ComputerHindiNotes.com

- चिकित्सीय विज्ञान (Medical Sciences)
- व्यापार संचार और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण। (Business Communication and Corporate Training's)
- विशेष प्रभाव (Special Effects)
- व्यवसाय विपणन (Business Marketing)
- वर्चुअल रियलिटी (Virtual Reality)
- विडियो ऑन डिमांड (Video on demand)
- इंटरएक्टिव टेलीविजन (Interactive Television)
- सुचना प्रणाली (Information System)
- दिशानिर्देशन प्रणाली (Navigation System)
- इलेक्ट्रॉनिक बिक्री (Electronic Sales)

1. बिजनेस मे मल्टीमीडिया (Multimedia in Business)

बिजनेस एप्लीकेशन मे प्रजेन्टेशन, ट्रेनिंग, मार्केटिंग, एडवरटाइजिंग, simulations, नेटवर्क कम्यूनिकेशन्स इत्यादि मल्टीमीडिया मे सम्मिलित होते है। डिस्ट्रीब्यूटेड नेटवर्क तथा इन्टरनेट प्रोटोकॉल्स का प्रयोग करके voice mails और वीडियो कांफ्रेसन को LAN AND WAN पर उपलब्ध कराया जाता है। मल्टीमीडिया की प्रजेन्टेशन श्रोताओ के लिये जीवंत रूप मे बनाया जा सकता है। कई प्रजेन्टेशन सॉफ्टवेयर पैकेज के अंतर्गत स्लाइडो मे सूचना को ऑडियो तथा वीडियो, ग्राफ़िक्स, टेक्स्ट रूप में प्रयोग किया जा सकता है। मल्टीमीडिया का प्रयोग ट्रेनिग प्रोग्रामो मे विस्तृत रूप से किया जाता है। जैसे flight attendants simulation के माध्यम से इन्टरनेशनल terrorism and security को मैनेज करने के लिये सीखते है।

ऑफिस मे मल्टीमीडिया का प्रयोग अब सामान्य हो गया है। employee ID और video annotations के लिये image capture hardware का प्रयोग किया जाता है। इसके माध्यम से real time teleconferencing भी की जाती है। प्रजेन्टेशन डॉक्यूमेंट को E-mail के माध्यम से भेजा जाता है। तथा विडियो कान्फ्रेंसिंग भी उपलब्ध होती है। लैपटॉप, कंप्यूटर और उच्च रेजोल्यूशन वाले प्रोजेक्टर मल्टीमीडिया प्रजेन्टेशन्स के लिये सामान्य तरीके हो चुके हैं। मोबाइल फ़ोन, ब्लूटूथ तथा Wi-Fi कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी बिज़नस के लिये उपर्युक्त कम्यूनिकेशन के लिये सम्मिलित होते है।

ComputerHindiNotes.com